# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 63 करोड़ रूपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण : कहा– सरकार की पारदर्शी नीतियों से प्रदेश को मिली नई पहचान।
2. मुख्यमंत्री ने लखनऊ में भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह का किया शुभारंभ : कहा– समाज को नई दिशा देने का प्रभावी माध्यम है रंगमंच।
3. केंद्र सरकार ने कहा– ईरान सहित 40 देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है भारत : ईरान से कच्चे तेल के भुगतान में आ रही बाधाओं की खबरों को बताया गलत।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से फसलों को हुआ नुकसान : मुख्यमंत्री ने किसानों को मुआवजा देने के दिये निर्देश।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में 63 करोड़ रूपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के पाण्डेयहाता में 34 करोड़ रूपये से अधिक लागत से व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन और शिलान्यास किया, इसके अलावा उन्होंने 29 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के ऐतिहासिक घंटाघर के जीर्णोद्धार और शहीद बन्धु सिंह मल्टीलेवल पार्किंग और व्यावसायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेशवासियों के लिए पहचान का कोई संकट नहीं है। राज्य सरकार की पारदर्शी और व्यवहारिक नीतियों से सभी वर्गों को फायदा पहुंच रहा है और प्रदेश माफिया मुक्त हो चुका है। श्री योगी ने कहा कि सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों से कोई अछूता नहीं है। पूर्वांचल भी विकास के नक्शे पर प्रमुखता से दिखाई दे रहा है। बाइट...

*आज पहचान का संकट नहीं है। आज सम्मान है। सुरक्षा भी है अपने राज्य में। आज उपद्रव नहीं उत्सव है। आज अराजकता नहीं है बल्कि माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश बनकर के व्यापारियों का और बेटियों का शासन है। वे सुरक्षित भी है। स्वावलंबन की नई ऊंचाइयों की ओर आगे बढ़ रही है। यह चेंज उसी रूप में देखने को मिल रहा है। आज एम्स भी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, वाराणसी के लिए फोरलेन की कनेक्टिविटी देवरिया के लिए फोर लेन की कनेक्टिविटी, कुशीनगर में गोरखपुर में एयर कनेक्टिविटी, रेलवे की नई–नई सुविधाएं यह सभी आज यहां पर चल रही है और शिक्षा का भी एक केंद्र के रूप में गोरखपुर विकसित हुआ।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री योगी ने अकादमी के संपूर्ण भवन और दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। समारोह में श्री योगी ने कहा कि भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने नाटकों को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बनाया था और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये हिंदी और खड़ी बोली के लिए उनका योगदान हमेशा याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा रंगमंच एक प्रभावी माध्यम है और इससे समाज और जनचेतना की दिशा तय होती है। बाइट...

*रंगमंच इस समाज का दर्पण होता है और वह समाज की दिशा तय करती है और रंगमंच वही है जहां पर भावनाएं शब्द बनती है और वह शब्द अभिनय बनते हैं और यही अभिनय जनचेतना बनकर के समाज को एक नई दिशा देता है जैसे आनंद मठ के वंदे मातरम गीत अपने आप में यह कहने के लिए पर्याप्त है कि राष्ट्रभक्ति क्या होती है, स्वराज का महत्व क्या है, पराधीनता क्या होती है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय रचित उपन्यास आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति भी देखी और कलाविदों और पूर्व छात्रों का सम्मानित करने के साथ–साथ रंगमंच पुस्तक का विमोचन भी किया।

——————————

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत, ईरान सहित 40 से अधिक देशों से

कच्चा तेल आयात कर रहा है और ईरान को तेल के भुगतान में कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन दावों का खंडन किया कि भुगतान से जुड़ी दिक्कतों के कारण एक जहाज को चीन की ओर मोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा कि संचालन या व्यावसायिक कारणों से जहाज अपना मार्ग बदलते हैं। केंद्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है।

——————————

गोरखपुर के महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में टाटा कंसल्टेंसी सर्विस के सहयोग से बने पूर्वांचल के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ आगामी 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस क्रम में एमपीआईटी ने एआई फॉर आल ट्रेनिंग वर्कशॉप के लिए पांच लाख युवाओं का पंजीकरण शुरू कर दिया है। एमपीआईटी के निदेशक सुधीर अग्रवाल ने बताया है कि इसका लिंक एमपोआईटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। 9 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 'सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम' के तहत राज्य में महिला ई–रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, ताकि बालिकाओं और महिलाओं को जरूरी स्थानों तक सुरक्षित परिवहन सुलभ हो सके। एक रिपोर्ट...

*सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एक हजार ई–रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जा रहा है। इस पहल का सीधा संबंध महिला सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई–रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराये गये है। इस योजना का असर सड़क तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा पर आज पूर्वोत्तर राज्य असम के डिब्रूगढ़ स्थित चाय बागान के 30 श्रमिकों का दल आज सुबह अयोध्या पहुंचा। अयोध्यावासियों के

आतिथ्य से अभिभूत इन श्रद्धालुओं ने वहां के लोगों के प्रति आभार जताया है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से....

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ स्थित मनोहारी बागान के श्रमिकों से पूछा क्या उन्होंने रामलला के दर्शन किए हैं ? जिसका उत्तर ना में मिला, किंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से श्रमिकों का वही ना हां में बदल गया और चाय बागान के 25 महिलाओं सहित 30 श्रमिकों का अयोध्या के धार्मिक परिवेश से साक्षात्कार हुआ,श्रमिकों ने अयोध्या पहुंचकर सरयू स्नान किया,राम मंदिर की कलात्मक भव्यता निहारा और राम लला के दर्शन कर भाव विभोर हो उठे, इसके अतिरिक्त नागेश्वर नाथ, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल और कनक भवन में भी पूजा अर्चना किया और कहा यह पल हमारे लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गया है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

———————————

आज ईस्टर है। यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और यीशु मसीह के जीवन के अंतिम चरण को याद करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक है। आज ही के दिन ईसा मसीह सूली पर चढ़ाये जाने के बाद फिर से जीवित हो उठे थे। राजधानी लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर स्थित गिरजाघरों में इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ के कैथेडल चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने ईस्टर पर्व मनाया। इस दौरान जागरण प्रार्थना सभाओं के आयोजन के साथ–साथ लोगों ने एक दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं।

———————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज हवाओं के साथ कई स्थानों पर बूंदाबांदी और हल्की वर्षा से मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं कई

जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा है। संभल, पीलीभोत, कानपुर और हमीरपुर सहित कई जिलों में बेमौसम बरसात और ओले पड़ने से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश–आकाशीय बिजली के चलते हुई जन व पशु हानि, किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि नुकसान के आकलन और मुआवजा वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों से नुकसान की रिपोर्ट भी मांगी है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के कई पूर्वी और पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी और हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

——————————

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में आज लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की है। वहीं आईपीएल का दूसरा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हो रहा है।

——————————